### एक नजर में



### नशीली दवाओं के सेवन से टूटता है परिवार : डांगी

**आष्टा.** द्वितीय जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति विजय डांगी द्वारा नालसा की योजना अंतर्गत साप्ताहिक जन-जागरुकता अभियान के तहत शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में श्री डांगी ने कि नशीली दवाओं का दुरूपयोग एक गंभीर वैश्विक समस्या बनी हुई हैं. यह धीरे-धीरे व्यक्तियों को नुकसान पहुंचाती है एवं परिवारों को तोड़ती है और समुदायों को कमजोर बनाती है इसके प्रभाव केवल व्यसन तक ही सीमित नहीं हैं. मादक पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए एकीकृत पुनर्वास केन्द्र, नशा उपचार सुविधाएं एवं आउटरीच और ड्रॉप इन सेंटर बनाए गए हैं. शिविर में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं. प्राचार्य धर्मेन्द्र चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त किया.




### कॉलेज चलो अभियान बना भविष्य का मार्ग

**सीहोर.** पीएमश्री महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण डॉ. प्रमिला जैन के नेतृत्व में गठित कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा संपन्न हुआ. अभियान समिति द्वारा जिले के 25 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का भ्रमण किया गया, जिसमें कुल 710 विद्यार्थियों ने सहभागिता की. विद्यालय भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों, प्रवेश प्रक्रिया, हृष्टष्ट, हृस्स्, तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, उन्नति कक्षाएं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई.



### बैठक में कांग्रेसियों ने आगामी रणनीति पर की चर्चा

**इछावर.** विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्रिजिशनगर के अंतर्गत कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई. जिसमें संगठन की जमीनी मजबूती और आगामी रणनीतियों पर गंभीर चर्चा की गई. यह बैठक केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की भूमिका जिम्मेदारी और जनसरोकारों को केंद्र में रखकर आत्ममंथन का मंच रही. इस अवसर पर महासचिव पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, बलवान पटेल, मनोज पटेल, संतोष पटेल, घनश्याम पटेल उपस्थित थे.



### एसडीएम ने कुबेरेश्वर धाम में किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**सीहोर.** एसडीएम तन्मय वर्मा ने कुबेरेश्वर धाम में आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के आयोजन की व्यवस्थाएं के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने पार्किंग स्थल सहित सभी जगहों का निरीक्षण किया और आयोजन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा, समीर शुक्ला आदि उपस्थित थे.



### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं : सीईओ

**सीहोर.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने जनपद की ग्राम पंचायत हीरापुर में अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, तालाब गहरीकरण कार्य तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को देखा. उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बच्चों को दी जा रही पोषण सेवाओं, साफ-सफाई एवं रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती-धात्री महिलाओं कोयोजनाओं का पूर्ण लाभ समय पर और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए. विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षणिक वातावरण, कक्षाओं की स्थिति, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने तथा छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. सनिर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

# पीएनबी में करोड़ों की धोखाधड़ी का खुलासा

**04** करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की फर्जी खातों में

**07** साल पुराने मामले का एसपी ने किया खुलासा




**छतरपुर,7 जनवरी. पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक के शाखा प्रबंधक अमरेंद्र कुमार दास को गिरफ्तार किया है. आरोपी पर आरोप है कि उसने अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए बैंक की राशि को फर्जी खातों में ट्रांसफर कर 4 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया.

इस पूरे मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया. एसपी ने बताया कि यह मामला लगभग सात वर्ष पुराना है, जिसकी शिकायत पूर्व में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दर्ज कराई गई थी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की दोबारा गंभीरता से जांच शुरू की, जिसमें बैंक शाखा प्रबंधक की भूमिका संदिग्ध पाई गई. पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से बैंक के फंड का दुरुपयोग करते हुए फर्जी खातों का सहारा लिया और अलग-अलग माध्यमों से बड़ी रकम का गबन किया. विस्तृत जांच और तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया. फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस धोखाधड़ी में बैंक का कोई अन्य कर्मचारी, एजेंट या बाहरी व्यक्ति शामिल तो नहीं है. पुलिस का कहना है कि जांच के दायरे को और विस्तृत किया जा सकता है. आरोपी के खिलाफ संबंधित आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है. यह मामला बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता और निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करता है.



## 5 मौतों के बाद भी इंसाफ अधूरा

- गौतम रिसॉर्ट मामले में एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिजन
- पिता को न्याय दिलाने बब्लू कुशवाहा की प्रशासन से गुहार

**खजुराहो, 7 जनवरी.** गौतम रिसॉर्ट में जहरीला भोजन करने से पांच लोगों की मौत के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित परिवारों में गहरा आक्रोश है. इसी को लेकर बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे मृतकों के परिजन छतरपुर एसपी कार्यालय पहुंचे और लिखित आवेदन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. मृतक के पुत्र बब्लू कुशवाहा ने बताया कि उनके पिता की मौत रिसॉर्ट में भोजन करने के बाद हुई थी, लेकिन घटना के बाद आज तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है. परिजनों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर की गई कार्रवाई केवल औपचारिकताओं तक सीमित रही है. उनका आरोप है कि रिसॉर्ट को दिखावे के तौर पर बंद बताया जा रहा है, जबकि वास्तव में केवल उस कमरे को सील किया गया है, जहां भोजन तैयार किया गया था, और बाकी पूरा रिसॉर्ट सुचारू रूप से संचालित हो रहा है.

> बब्लू कुशवाहा ने यह भी आरोप लगाया कि रिसॉर्ट संचालक विदेश में रह रहे हैं और उन्होंने पीड़ित परिवारों से किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं किया है. न तो किसी तरह की आर्थिक सहायता दी गई और न ही दुख-दर्द में शामिल होने की कोई पहल की गई. पीड़ित परिवारों का कहना है कि पांच लोगों की जान जाने जैसी गंभीर घटना के बावजूद जिम्मेदारों को संरक्षण मिल रहा है, जिससे उनका न्याय व्यवस्था से विश्वास उठता जा रहा है. परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई हो तथा मृतकों के परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए.

### अवैध शराब सौदागरों पर पुलिस की कार्रवाई

**बुधनी.** जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरण दर्ज किए जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया. पुलिस टीम ने 19 वर्षीय मोहन कश्यप पिता दिनेश कश्यप निवासी वार्ड एक, 18 वर्षीय सचिन कहर पिता रामा कहर निवासी नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब बरामद की. जिसकी कीमत करीब 7 हजार रुपए बताई जा रही है. इसके साथ ही अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त बाइक भी जप्त की गई. दूसरे मामले में ग्राम बांसपुर गडरियानाला निवासी 50 वर्षीय नेतराम पिता खुशाल के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई.

## निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट

### नीबीखेड़ा पंचायत में अनियमितताओं का अंबार

**छतरपुर,7 जनवरी. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत नीबीखेड़ा ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जानकारी मिली है. लगभग 8-10 महीने पहले खड़ेई मार्ग पर 200 मीटर लंबी पुलिया का सीसी निर्माण कराया गया था, जो अब दरारों और टूट-फूट का शिकार हो चुकी है. ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह के अन्य निर्माण कार्य भी कुछ ही महीनों में खराब हो जाते हैं.**

सूत्रों के अनुसार, शासन-प्रशासन और अधिकारियों की निगरानी केवल कागजों तक सीमित है. वास्तविक निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और गुणवत्ता विहीन काम किया जाता है. बिल्डिंग और पुलिया के निर्माण में कई जगह दरारें दिखाई दे रही हैं, लेकिन ब्लॉक अधिकारियों को केवल उनके कमीशन की परवाह है. इसी तरह, अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) का निर्माण 37.49 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा.



> कई जगह बीम और दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, जिससे भवन भविष्य में ध्वस्त होने का खतरा है. इस मामले पर जिला सीईओ छतरपुर (एडीएम) नम: शिवाय अरजरिया ने कहा कि शिकायत पत्र उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है. शिकायत पत्र मिलने पर आवश्यक जांच और कार्यवाही की जाएगी.

## भैंस से टकराई बाइक, युवक की इलाज के दौरान मौत

### तेरहवीं का निमंत्रण देकर लौट रहे थे घर, जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**छतरपुर,7 जनवरी. बंधा तिगड्डा के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक की पहचान परमलाल रैकवार (30) निवासी ग्राम स्वागी, थाना बल्देवगढ़ सटई के रूप में हुई है.**

परिजनों के अनुसार परमलाल तेरहवीं का निमंत्रण देकर अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान बंधा तिगड्डा के पास अचानक सड़क पर आई एक भैंस से उनकी बाइक टकरा गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को तत्काल बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. इलाज के दौरान मंगलवार रात करीब 8:30 बजे युवक ने दम तोड़ दिया. बुधवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद मृतक के परिजनों में शोक की लहर है. गांव में भी घटना को लेकर गमगीन माहौल बना हुआ है.



## नपाध्यक्ष ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

- ब्रह्मपुरी व पाटी मोहल्ले में डाली जा रही है सीवेज लाईन
- इसके बाद वार्ड में होगा सड़क और नालियों का निर्माण



नवभारत न्यूज

**सीहोर 07 जनवरी.** शहर के बढ़ियाखेड़ी में सीवेज कार्य तेजी से शुरू कर दिया है. निर्माण एजेंसी के द्वारा क्षेत्र में 28 किलोमीटर की सीवेज लाइन डाली जानी है. इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है. बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों का निर्माण किया जाएगा. इसको लेकर बुधवार की सुबह नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित स्थानीय पार्षदों और नपा अमले के साथ जायजा लिया.

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि जहां पर काम पूरा हो चुका है उस मिट्टी को तुरंत हटाया जाए. साथ ही समतली कार्य पर भी ध्यान दिया जाए. संबंधित कंपनी के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के जिन क्षेत्रों में खुदाई कार्य व पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा, उन मार्गों, गलियों में तुरंत मिट्टी से समतल कर उसे यातायात के लिए सुचारु बनाया जाए. उन्होंने लोगों से अपील की है कि यह एक महत्वकांक्षी योजना है. शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी है.




## अधिवेशन की अनुमति नहीं देने पर की नारेबाजी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 07 जनवरी.** संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने और ओडिशा राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन नहीं देने के विरोध में राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के तहत कलेक्ट्रेट में भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहूजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रपति के नाम के ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया गया. कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरएसएस बजरंग दल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाने, और ईवीएम चुनाव सिस्टम बंद कराने जैसी मांग की गई. ज्ञापन में बताया गया कि आरएसएस बीजेपी की राजनीति और व्यवस्था ओबीसी समाज को भ्रमित व गुमराह रखने पर आधारित है. जाति आधारित जनगणना होने से ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या सामने आएगी. सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक असमानताओं का सच उजागर होगा. इसी डर से इस अधिवेशन को साजिश करके षड़यंत्रपूर्वक रोका गया है.

**पीएम आवास योजना** | लोकायुक्त कोर्ट का सख्त फैसला

## ग्राम पंचायत सचिव को 3 साल का सश्रम कारावास

- किस्त जारी करने के बदले 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का मामला

**छतरपुर, 7 जनवरी. प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के एक मामले में लोकायुक्त विशेष न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए ग्राम पंचायत सचिव को सजा सुनाई है. ग्राम पंचायत कदारी के तत्कालीन सचिव भरत वर्मा को योजना की किस्त जारी करने के बदले रिश्वत मांगने का दोषी पाते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है.**

यह फैसला विशेष न्यायाधीश (लोकायुक्त) आशीष श्रीवास्तव की अदालत ने सुनाया. मामला वर्ष 2019 का है, जब फरियादी जगत यादव ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान की शेष राशि जारी करने के लिए पंचायत सचिव द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है. योजना के अंतर्गत कुल 1 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 1 लाख 20 हजार रुपये पहले ही हितग्राही के खाते में जमा हो चुके थे. शेष 30 हजार रुपये जारी करने के बदले आरोपी सचिव द्वारा 5 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी. शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी की बातचीत रिकॉर्ड की और 19 मार्च 2019 को ट्रैप कार्रवाई की. छतरपुर में चौबे नर्सिंग होम के पास आरोपी पंचायत सचिव ने जैसे ही फरियादी से शेष 4 हजार रुपये लिए, उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया. जांच के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध सिद्ध मानते हुए यह सजा सुनाई. यह फैसला सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है.




### आईटीआई की छात्राओं ने किया हाईवे जाम

**सीहोर 07 जनवरी.** बीच सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रही छात्राओं का लहजा देखकर प्रतीत हो रहा था कि वह लंबे समय से अव्यवस्थाओं से जूझकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर थीं. एक दिन पहले जनसुनवाई में दिए गए ज्ञापन का भी जब कोई असर नहीं हुआ तो बुधवार को वह सड़कों पर उतर आईं. हाईवे को जाम करते हुए उन्होंने प्रशासन को उनकी बात सुनने को बाध्य कर दिया. लगभग एक घंटे तक हाईवे पूरी तरह जाम रहा. महिला आईटीआई की छात्राओं की समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए आखिरकार बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगे आया और छात्राओं के साथ सड़क पर आकर प्रदर्शन किया.